रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-11112023-250025
CG-DL-E-11112023-250025

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4685] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 10, 2023/कार्तिक 19, 1945
No. 4685] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 10, 2023/KARTIKA 19, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2023

का.आ. 4893(अ).— पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की प्रारूप अधिसूचना का.आ. 2052 (अ), दिनांक 2 मई, 2022 के अधिक्रमण में, अधिसूचना के निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्र सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का विचार रखती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, ऐसे जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है जिनके इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना है, और यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिस तारीख को इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां उक्त जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो इस प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्र सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, अपनी आपत्ति या सुझाव को सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

जहाँकि, कमलांग बाघ रिज़र्व 783 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और यह अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थित है;

और जहाँकि, नमदफा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ रिजर्व 2230.245 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ हैं जिसमें से 1985.235 वर्ग किलोमीटर कोर और 245 वर्ग किलोमीटर बफर जोन हैं, और यह भारत के उत्तर पूर्वी भाग में अरूणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में स्थित है।

और जहाँकि, कमलांग वन्यजीव अभयारण्य को अधिसूचना संख्या सीडब्ल्यूएल/डी/58/88/3175-3250, दिनांक 18 अक्टूबर, 1989 के तहत वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया था और इसे अधिसूचना सं. सीडब्ल्यूएल/डी/159/2014/680-1781 द्वारा दिनांक 6 सितंबर, 2016 से बाघ रिज़र्व का स्तर प्रदान किया गया था। नमदफा को अधिसूचना संख्या सीएलडब्ल्यू/डी/8/83/5284-5360 के तहत राष्ट्रीय उद्यान अधिसूचित किया गया था और इसे अधिसूचना सं. एनओ एफओआर 482/डी-4/84 द्वारा दिनांक फरवरी 1987 से बाघ रिज़र्व घोषित किया गया था;

और जहाँकि, कमलांग वन्यजीव अभयारण्य को नमदफा राष्ट्रीय उद्यान, जो बाघ रिज़र्व भी है, का विस्तार करके उसमें जोड़ा गया है और यह जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध है जो विभिन्न वनस्पति एवं जीवजन्तुओं के विकास के लिए आदर्श रूप से उपयुक्त है;

और जहाँकि, नमदफा राष्ट्रीय उद्यान विश्व का एकमात्र ऐसा संरक्षित क्षेत्र है जिसमें बड़ी बिल्ली की 4 प्रजातियां - जैसे तेंदुआ, बाघ, स्नो-लैपर्ड और लमचित्ता निवास करती हैं। यह पूर्वी हिमालयन जैव-विविधता हॉटस्पॉट में आने वाला सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत में तीसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। यह क्षेत्र विस्तृत डिप्टेरोकार्प वनों के लिए भी जाना जाता है जिसमें ऑर्किड, फर्न और लियानास प्रचुरता में पाये जाते है और यह एशिया के अंतिम सुदूर वन क्षेत्रों में आता है।

और जहाँकि, कमलांग बाघ रिज़र्व में और इसके आस-पास मुख्य वनस्पति प्रजातियां जैसे कि *डिप्रोकार्पस मैक्रोकारपस* (होलोग), *शोरिया असामिका* (साल), *एल्टिंगिया एक्सेल* (जटली), *मोरास लेविगाता* (बोला), *डिलेनिया इंडिका* (आउटेंगा), *टर्मिनलिया मेरियोकारपा* (होलॉक), *टूना सिलिएटा*, *सिनामोमम सीसीडोडाफन्ना*, *कास्टानोप्सिस इंडिका* (हिगोरी), *कैनारियम रेसीनिफेरम*, *डुबांगा ग्रैंडफोलिया* (खोकान), *डिक्सॉक्सिलोन हैमिल्टोनि* (बंदरडीमा), *क्रिप्टोमोरिया पेनिस्याटा*, *एलेकार्पस जेनिटरस* (रुद्राक्ष), *मैग्नोलिया ग्रिफिथी*, *माइकलिया चैम्पाका* (टीता चैम्पा), *वेतिसा लान्साफोलिया*, *अल्बिजिया प्रोसेरा* (कोरोई), *डेंड्रोकैलेमस हैमिल्टोनि* (काको), *लीआ एक्मनेट, मेलेस्टोमा मालाबारीका*, *पिनांगा ग्रेसिलस, कैलामस फ्लोरिबुन्डस* (रेडांग) और साइथाई एस पी., आदि पायी जाती हैं;

और जहाँकि, नमदफा बाघ रिज़र्व में और इसके आसपास पायी जाने वाली मुख्य वनस्पति प्रजातियां हिमालयन मेपल *(एसर ओब्लोंगम), स्पोंडियास पिन्नाटा* (अमोरा टेंगा), *पॉलीएल्थिया सिमिअरम* (कारी), *अल्स्टोनिया स्कॉलरिस* (चटिआना), *स्टीरियोस्पर्मम कोलाइस* (पारोली), *कैनारियम बेंगालेंस* (धूना), *कैन्नाबिस साटिवा* (मारिजुआना), *काप्पारिस एक्यूटिफ्लोरा* (चाईनीज़ कापेर) , *मेसुआ फेर्रिया* (नाहर), *डिप्टरोकार्पस मैक्रोकार्पस* (हॉलोंग), *शोरिया एस्सामिका* (मेकाई), *एलेओकार्पस गानिट्रस* (रुद्राक्ष), *बिशोफिया जावानिका* (यूरियम), *अल्बिज़िया लेबेक* (सिरिस), *अल्टिंगिया एक्सेलस* (जुटुली), *सिजियम क्यूमिनी* (जामुन), *ज़लाक्का सेकुंडा* (जेंगपत), *डायोस्कोरिया अलाटा* (पर्पल याम), *एन्सेटे ग्लाउकम* (स्नो बनाना), *मूसा वेलुटिना* (पिंक बनाना), *अरुडिनग्रामिनी फोलिया* (बम्बू आर्किड), *टैकेनटेग्री फोलिया* (व्हाइट बेट फ्लोवर), अल्पिनिया एसपीपी, -*अमोमम एरोमेटिकम* (बंगाल कार्डम्म), इम्पेराटा सिलैंड्रिकल (स्पियर ग्लास), आदि हैं।

और जहाँकि, कमलांग बाघ रिज़र्व क्षेत्र में मुख्यतः जीवजंतुओं की 61 प्रजातियों को आश्रय मिलता है जिनमें *मैनीस पैन्टाडैक्टाइला* (चाईनिस साल), *ताल्पा लेकुरा* (व्हाइट-टेल्ड मोल), *क्रॉसीदुरा एट्यूनेट* (ग्रे श्रू), *टुपाया बेलेंगेरी* (ट्री श्रू), *मार्कोग्लोसस सोब्रिनस* (लॉग-टंगड हिल फ्रूट बैट), *निक्टिकेबस कुकैंग* (स्लो लोरिस), *मैकाका एसामेंनसिस* (आसामी मैकाक), *ट्रैकीपिचकस पिपेटस* (कैप्ड लंगुर), *कुओन अल्पाइंस* (जंगली कुत्ता), *उर्सस थिबेटनस* (एशियाई काला भालू), *माट्र्स फ्लेविगुला* (येलो थ्रोएटेड मार्टिन), *लुट्रा लुट्रा* (सामान्य ऊदबिलाव), *सस स्क्रॉफा* (जंगली सुअर), *विवर्रा जिबेटा* (बड़े भारतीय गंधबिलाव), *पैराडोक्सुरस हेर्मैप्रोडिट्स* (सामान्य पॉम गंधबिलाव), *हेर्पेस्टस एडवाड्र्सी* (ग्रे नेवला), *फेलिस चॉज़* (जंगली बिल्ली), *प्रीओनेलूरस बेंगलेंसिस* (तेंदुआ बिल्ली), *पार्डोफेलिस मार्मोराटा* (मार्बल्ड कैट), *पैंथेरा पार्दस* (तेंदुआ), *पैंथेरा टिगरिस* (बाघ), *एलीफस मैक्सिमस* (हाथी), *मुन्टियाकस मुंटजैक* (काकङ), *नामोरहेडस सुमरात्रिसिस* (हिमालयन सेरो), *रतुफा बाइकोलोर* (मलाया विशालकाय गिलहरी), *कैलोसिअयुरस पायजेरथ्रस* (होरी-बेलिड गिलहरी), *ड्रेमोमाइस लोकरिया* (ऑरेंज-बेलिल्ड हिमालय गिलहरी), *पेटोरिस्टा पेटोरिस्टा* (कॉमन फ्लाइंग गिलहरी), *बैंडिकोटा इंडिका* (लार्ज बैंडीकोट रैट) और *हिस्ट्रिक्स ब्रेक्यूरन* (चाइनिस साही) आती हैं;

और जहाँकि, नमदफा बाघ रिज़र्व *रुसा यूनिकलर* (सांभर), *एक्सिस पोर्सिनस* (हॉग हिरण), *मुंटिकस मुंटजैक* (मुंजक), *मुंटियाकु स्पुटाओएन्सिस* (पर्ण मुंजक), *मॉस्कस फोकस* (ब्लैक म्सक डीयर), *मॉस्कस क्राइसोगास्टर* (हिमालयी म्सक डीयर), *सस स्क्रोफा* (बनैला सूआर), *मिनीओप्टेरस श्रेइबर्सि* (लॉग फिंगर्ड बेट), *मुरीना ऑराटस* (ट्यूब नोडज़ बेट), *ड्रेमोमिस पेर्नी* (लॉग नोज़ स्क्वैरिल), *रतुफा बाइकलर* (मलायन विशाल स्क्वैरिल), *यूरोस्कैप्टर माइक्रोरा* (हिमालयी मोल), *कैनिस ऑरियस* (सियार), *वल्प्स वल्प्स* (लाल लोमड़ी), *पैंथेरा यूनिसिया* (हिम तेंदुआ), *नियोफेलिस नेबुलोसा* (लमचित्ता), *पैंथेरा पार्डस* (सामान्य तेंदुआ), *पैंथेरा टाइग्रिस* (टाइगर), *पार्डोफेलिस टेम्मिनकी* (एशियाई सुनहरी बिल्ली), *कैप्रिकारिस थार* (हिमालयी सीरो), आदि जैसे स्तनधारी प्रजातियों के लिये पर्यावास प्रदान करता है।

और जहाँकि, नमदफा बाघ रिज़र्व दुर्लभ वनस्पति प्रजातियों जैसे कि *सप्रिया हिमालयन, पिनस मेर्कुसी, अबी सडेलवायी*; दुर्लभ जीवजंतु प्रजातियों जैसे *कुओरा मौहोटी, हेलार्क्टोस मलायनस, मेलोगाले एसपीपी., मुस्टेला फ्लेविगुला, एओनिक्स सिनेरिया, प्रिनोडोन पार्डिकोलर* है; लुप्तप्राय प्रजातियों, जैसे कि बिस्वामायोप्टेरस बिस्वासी, ऐलुरस फुलगेन्स, कुओन एल्पिनस, प्रियोनेलुरस विवेरिनस, पैंथेरा टाइग्रिस, पैंथेरा अनसिअल, एलीफस मैक्सिमस, होलॉक होलॉक, एक्सिस पोर्सिनस, मोस्कस फ्यूस्कस, मोस्चस क्राइसोगैस्टर, हैड्रोमिस ह्यूमेई, मैनिस पेंटाडैक्टाइला और संकटापन्न प्रजातियों जैसे *राकोफोरस नामदाफेन्सिस*, ऊदबिलाव (लुटरिनै एसपीपी.) को संरक्षण, सुरक्षा और आश्रय प्रदान करता है;

और जहाँकि, बाघ रिज़र्व में एक दुर्लभ वनस्पति प्रजाति *सिलोअम नुडुम* और एक संकटापन्न जीव-जंतु प्रजाति हुलॉक गिबन को भी संरक्षण, सुरक्षा और आश्रय मिलता है;

और जहाँकि, कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व के क्षेत्र, विस्तार और सीमाओं, जिन्हें पैरा 1 में पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव विविधिता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हैं, को सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के संचलन और कारोबार का निषेध आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्र सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अरुणाचल प्रदेश राज्य के कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) किलोमीटर से 11.92 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र को कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व पारिस्थितिकी संवेदी

जोन (जिसे एतश्मिन पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, यथा:-

1. पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और सीमायें.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व की सीमा के चारों ओर 0 से 11.92 किलोमीटर होगा। इस पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 450.39 वर्ग किलोमीटर है। विभिन्न दिशाओं में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार निम्न रूप से है:-

दिशाएं	**विस्तार (किलोमीटर में)**
उत्तर	1 किलोमीटर
उत्तर -पूर्व	1 किलोमीटर
पूर्व	0 (इंडो-म्यांमार सीमा)
दक्षिण-पूर्व	1 किलोमीटर
दक्षिण	0 (इंडो-म्यांमार सीमा)
दक्षिण –पश्चिम	1 किलोमीटर
पश्चिम	11.92 किलोमीटर
उत्तर - पश्चिम	1 किलोमीटर

टिप्पण: नमदफा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ रिजर्व के पूर्वी और दक्षिणी दिशा में पारिस्थितिकी संवेदी जोन को शून्य प्रस्तावित किया गया है क्योंकि यह सीमा भारत-म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटी हुई है।

(2) कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ इस पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व के मानचित्रों को **अनुलग्नक–IIक, अनुलग्नक–IIख** और **अनुलग्नक–IIग** के रूप में संलग्न किया गया है।

(4) कमलांग बाघ रिज़र्व और नमदफा बाघ रिज़र्व और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **अनुलग्नक-III** की सारणी **क,** सारणी **ख** और सारणी **ग** में दी गई है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची, उनके मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों सहित **अनुलग्नक-IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की आंचलिक महायोजना.–(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजनों के लिए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से तथा इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ के लिए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की आंचलिक महायोजना को राज्य सरकार, अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार ही तैयार की जाएगी।

(3) इस आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी विषयों को समेकित करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार किया जाएगा, यथा:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिचांई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हो, इस वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर इस आंचलिक महायोजना (जोनल मास्टर प्लान) के तहत कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना से अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे और अधिक कारगर और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, वर्तमान जलाशयों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं से संबंधित प्रावधान किये जायेंगे जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जलाशयों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी दिया जाएंगा।

(7) आंचलिक महायोजना के तहत पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास कार्यों को विनियमित किया जायेगा और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन किया जाएगा और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित किया जाएगा और उसकी अभिवृद्धि भी की जाएगी।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज का काम करेगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सके।

(10) आंचलिक महायोजना की तैयारी और इसके अनुमोदन के लम्बित रहने के दौरान किसी भी नये व विकासात्मक क्रियाकलापों को पैरा 6 के उप-पैरा (1) और (2) में निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार अधिशासित किया जायेगा।

3. राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.- राज्य सरकार अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, यथा:-

(1) भू-उपयोग.– (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए अभिज्ञात उद्यानों और खुले स्थानों का बड़े वाणिज्यिक क्रियाकलापों या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या परिवर्तन किये जाने की अनुमति नहीं होगी:

परंतु भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न अन्य किसी प्रयोजन के लिए पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि के परिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा तत्समय लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से और स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए दी जा सकेगी यथा,:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का निर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) बढ़ावा दिये गये और पैराग्राफ-4 में उल्लिखित क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना जनजातीय भूमि का वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए प्रयोग किये जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जा सकेगा और उक्त त्रुटि को सुधारे जाने की सूचना केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दे दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना भी सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा इस तरह से दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके आस-पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिबन्धित और निर्बंधित किया सके जो कि ऐसे क्षेत्रों के लिए घातक हों।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी-पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या वर्तमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार की पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार ही अनुमति होगी।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का ही एक घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना को पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार किया जायेगा।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, यथा:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें से जो भी अधिक निकट हो, किसी नये होटल या रिजॉर्ट के निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट के निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार, केन्द्र सरकार के पर्यावरण ,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार ही किया जा सकेगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमति दी जा सकेगी और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल, रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान के निर्माण का अनुमति नहीं होगी।

(4) प्राकृतिक विरासत –.पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिज़र्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि को अभिज्ञात किया जाएगा और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) मानव निर्मित विरासत स्थल.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों को अभिज्ञात किया जाएगा और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) ध्वनि प्रदूषण. -.पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार किया जाएंगा ।

(7) वायु प्रदूषण-. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) बहिस्राव का निस्सरण-. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सरण के लिए साधारण मानकों के अनुसार या राज्य सरकार के द्वारा नियत मानकों, इनमें से जो भी ज्यादा कठोर हो ,के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) ठोस अपशिष्ट-. ठोस अपशिष्ट.- ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की, अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016, के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन किये जाने की अनुमति दी जा सकेगी ।

(10) जैव चिकित्सा अपशिष्ट.- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की, अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), दिनांक 28 मार्च, 2016 के तहत, समय–समय पर यथा संशोधित, प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन की अनुमति दी जा सकेगी ।

(11) प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), दिनांक 18 मार्च, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित, के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), दिनांक 29 मार्च, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित, के तहत प्रकाशित निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) ई–अपशिष्ट.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) सड़क-यातायात.- सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति संगत अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) वाहन जनित प्रदूषण.- वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) औद्योगिक ईकाइयां.- (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी व समय-समय पर संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में दिये गये उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को ही अनुमति दी जायेगी और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा भी दिया जाएगा।

(17) पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.- पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं होगी ।

4. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिबन्धित या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची-** पारिस्थितिकी संवेदी

जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम उसके अधीन बने नियमों, जिसमें तटीय विनियमन जोन, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 भी शामिल है, सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) व अन्य लागू नियमों के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार संचालित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, यथा:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
	क .प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत सच में रहने वाले निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के निर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित होंगी; (ख) खनन कार्य निम्नलिखित मामलों में आये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार किया जाएगा ,यथा: (i) 1995के डब्ल्यूपी) सी (संख्या 202 में टी एन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई के मामले में, दिनांक 4अगस्त, 2006 को आया आदेश (ii) 2012 की डब्ल्यूपी)सी (संख्या 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम यूओआई के मामले में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 (iii) टी एन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम यूओआई और 1995 के डब्ल्यू पी)सी (संख्या 202 के मामले में दिनांक 28 अप्रैल, 2023।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगीः परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर संशोधित मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	प्रतिबन्धित।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण ।	प्रतिबन्धित।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिबन्धित।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुमति नहीं होगी ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिबन्धित।
8.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

	क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक ,इनमें जो भी अधिक निकट हो ,नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों के निर्माण की अनुमति नहीं होगी: परंतु ,संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
10.	निर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के वाणिज्यिक निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए निर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जा सकेगी: परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही हो सकेंगे और इन्हे कम से कम रखने की कोशिश की जायेगी । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी 2016 ,में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी समय-समय पर संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
14.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।

15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
17.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
18.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
19.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे।
20.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां ,दुग्ध उत्पादन ,जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
23.	खुले कुंआ ,बोर कुंआ ,आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
29.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस ,सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

36.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के तहत इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए केन्द्रीय सरकार एतद्वारा एक निगरानी समिति का गठन करती है, जिसकी संरचना निम्नानुसार होगी, नामत:-

क्र.सं.	निगरानी समिति की संरचना	पद
(i)	उपायुक्त, चांगलांग/लोहित जिला, अरुणाचल प्रदेश सरकार	अध्यक्ष(पदेन);
(ii)	सदस्य-सचिव, अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इटानगर	सदस्य (पदेन);
(iii)	राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले एक जैव विविधता विशेषज्ञ	सदस्य;
(v)	उप निदेशक, शहरी विकास विभाग, चांगलांग/लोहित जिला	सदस्य(पदेन);
(vi)	कार्यकारी अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, चांगलांग/लोहित जिला	सदस्य(पदेन);
(vii)	कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग, चांगलांग/लोहित जिला	सदस्य(पदेन);
(viii)	राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में विशेषज्ञ	सदस्य;
(ix)	वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक, नमदफा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ रिजर्व, मियाओ एवं संभागीय वन अधिकारी, कमलांग वन्यजीव अभयारण्य संभाग, वाकरो	सदस्य सचिव (पदेन);

6. निगरानी समिति के कार्य:- (1) निगरानी समिति, वास्तविक स्थल-विशिष्ट स्थितियों के आधार पर उन क्रियाकलापों की छानबीन करेगी जो कि भारत सरकार, के एतद्पूर्व पर्यावरण और वन मंत्रालय, की अधिसूचना संख्या का.आ. 1553 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006, के अंतर्गत आते हों और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में हो रहे हों, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में निर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, और उक्त अधिसूचना के प्रावधानो के अंतर्गत पर्यावरण की दृष्टि से पूर्व-क्लियरेन्स के लिए केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या राज्य पर्यावरण आघात मूल्यांकन प्राधिकरण के पास सन्दर्भित कर दिए गए हों।

(2) भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले क्रियाकलापों, उसके पैरा 4 के अधीन सारणी में निर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों को छोड़कर, की निगरानी समिति द्वारा वास्तविक साइट-विशिष्ट की स्थितियों के आधार पर जांच की जाएगी और संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट की जाएगी।

(3) निगरानी समिति के सदस्य-सचिव या संबंधित कलेक्टर या संबंधित उप वन संरक्षक पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत दर्ज करने के लिए सक्षम होंगे।

(4) मामले दर मामले की आवश्यकता के आधार पर निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, उद्योग संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित हितधारकों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकती है।

(5) निगरानी समिति **अनुलग्नक-V** में विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा के अनुसार प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष के 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को प्रस्तुत करेगी।

(6) केन्द्र सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे।

7. **अतिरिक्त उपाय**:- इस अधिसूचना के उपबंधों को कारगर बनाने के लिए केंद्र सरकार और केंद्र शासित क्षेत्र अतिरिक्त उपाय ,यदि कोई हों ,भी विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. **आदेश, उच्चतम न्यायालय आदि**:- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिये गए या जारी किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/13/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ एस केरकेट्टा, वैज्ञानिक 'जी'

अनुलग्नक – I

सारणी कः कमलांग बाघ रिज़र्व की सीमा का विवरण

नामः कमलांग बाघ रिज़र्व

क्षेत्रः 783.0 वर्ग किलोमीटर

सीमा, निम्नवत है-

उत्तर	इसकी सीमा रेखा जी आर 777414 स्थित बिंदु 'ए' जो की तवा और लांग नदी का संगम स्थल है, से प्रारंभ होकर लांग नदी के दाहिने तट के साथ-साथ धारा के विपरीत, इसके जी आर 001356 स्थित स्रोत तक जाती है, इसके बाद यह 90° के कोण पर एक कृत्रिम रेखा के साथ-साथ 700 मीटर तक चलकर जी आर 006356 स्थित रिज 3912 तक जाती है। फिर यह दक्षिण दिशा की ओर रिज के सहारे-सहारे चलते हुए चोटी 3936.3948 को स्पर्श करती है। इसके बाद यह पूर्व दिशा की ओर रिज के सहारे-सहारे जी आर 044333 स्थित तवा नाला के स्रोत तक जाती है। इसके बाद तवा नाला के दाहिने तट के सहारे-सहारे लाती नदी के साथ होने वाले इसके संगम, जिसे बिन्दु 'बी' कह सकते है, तक जाती है।
पूर्व	इसके बाद, यह बिंदु 'बी' से लगभग 300 मीटर लती नदी के प्रतिप्रवाह के साथ-साथ इसके स्रोत तक जाती है जो कि चांगलांग और लोहित जिलों की सीमा पर 4131 मीटर उन्नतांश के पूर्व में है।
दक्षिण	इसके बाद, यह सीमा रेखा जी आर 766127 में तवाई बराई के स्रोत तक पश्चिम की ओर चांगलांग और लोहित की अंतर जिला सीमा से होते हुए जाती है।
पश्चिम	इसके बाद यह तवाई बराई के बायै तट के साथ-साथ धारा की दिशा में जी आर 745218 पर होने वाले कमलांग नदी के साथ इसके संगम तक जाती है; फिर इसके बाद कमलांग नदी के बाँये तट के साथ-साथ धारा की दिशा में जी आर 726225 पर इसकी सहायक नदी सिना बराई के साथ होने वाले इसके संगम तक जाती है, इसके बाद लगभग 340° का कोण बनाते हुए एक कृत्रिम रेखा के सहारे-सहारे यह है 200 मीटर की दूरी चलकर जी आर 748260 पर स्थित इसकी सहायक नदी लाई के उद्गम स्थल तक जाती है। फिर लगभग 20° के कोण पर एक कृत्रिम रेखा बनाते हुए यह है 350 मीटर तक जी आर 778267 तक तवा की सहायक नदी के उद्गम स्थल तक जाती है; फिर उस सहायक नदी के बायै किनारे के साथ-साथ जी आर 809307 स्थित तवा नदी के संगम तक जाती है। फिर यह तवा नदी के बायैं तक के साथ-साथ धारा की दिशा में प्रभावित बिंदु 'ए' पर होने वाले लांग नदी के संगम तक जाकर समाप्त हो जाती है।

नामः कमलांग बाघ रिज़र्व का मूल क्षेत्र

क्षेत्रः 671.0 वर्ग किलोमीटर

सीमा निम्नवत है

